## बच्चों ने जमीन पर बैठकर सुने अतिथियों के भाषण

# अव्यवस्था के बीच शुरू हुआ सांसद खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सौसर क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसका बुधवार को शासकीय महाविद्यालय सौसर परिसर में शुभारंभ किया गया है। आयोजन मेमुख्य अतिथि सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, नरेंद्र कुकडे की उपस्थिति में खेल महोत्सव का सरस्वती पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रामकृष्णा राउत, युवराज बेड़े उपस्थित थे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े द्वारा खेल महोत्सव पर जानकारी दी साथ ही अपने खेल जीवन के अनुभवों को बच्चों के साथ शेयर किए। सहायक संचालक शिक्षा रश्मि कुशरे द्वारा बच्चों को कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन किया गया। प्रथम दिन वॉलीबॉल,



फुटबॉल शतरंज की खेल विधाएं संपन्न हुई। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी भास्कर गावड़े, कालेज प्राचार्य पी एस परते,नोडल अधिकारी मिलिंद चारे, बाबा खान,प्रदीप गोहतरे निकेत लोहे, मंदा ठाकरे, संजय भुजाड़े, दर्शन, संजय लोणारे , सतीश मालवीय, उज्वला गोलाईट, वंदना देशभ्रतार आदि थे।

### चटाई या मेट की भी व्यवस्था नहीं कर पाए अधिकारी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चों में खेलकूद की भावना बढ़ाने और बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य को लेकर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सौसर क्षेत्र में चार मंडलों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 11 दिसंबर तक होने वाला है।जिसकी जिम्मेदारी विकास खंड शिक्षा विभाग सौसर की ओर सोपी गई है। परंतु सौसर में खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पहले ही दिन अव्यवस्थाएं देखने में मिली है। एक और जहां मंच पर उपस्थित अतिथिगन और शिक्षा विभागके अधिकारीगण मेट के ऊपर कुर्सियां डालकर बैठे हुए थे,वही ठंडी के इस मौसम में ग्राउंड पर इस प्रतियोगिता में 10 साल से लेकर तो 19 साल तक के बच्चे जमीन पर कंकर पत्थरों के बीच में बैठे हुए नजर आए है। शिक्षा विभाग की ओर से इन स्कूली छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए चटाई या फिर मेट की भी व्यवस्था करना उचित नही समझा है, मजबूरी में बच्चों को जमीन पर बैठकर अतिथियों के भाषण सुनने पड़े है। बुधवार को शुभारंभ अवसर पर दुरदराज से आए शालेय बच्चो खिलाड़ियों के लिए शिक्षा विभाग या आयोजन कमेटी की ओर से बच्चो के लिए किसी प्रकार की खानपान की कोई व्यवस्था नजर नही आई है।

## विवादित बयान पर सौंसर में कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन



**सौंसर।** बीते दिनों भोपाल मे मौलाना महसूद अरशद मदनी द्वारा दिए गए कथित उत्तेजक, विवादित और सामाजिक सौहार्द को चोट पहुँचाने वाले बयानों के खिलाफ बुधवार को सकल हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने पुलिस थाना सौसर पहुँचकर सख़्त विरोध करते हुए ज्ञापन सोपा गया है।इस दौरान सकल हिंदू समाज की ओर से कहा गया कि सनातन समाज के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सामंजस्य के विरुद्ध किसी भी बयान को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासन प्रशासन से मांग की गई है जिंसमे समाज में विभाजन फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाही होनी चाहिए, इस दौरानजितेंद्र भकने, रामेश्वर सदानंद, गणेश प्रजापति, प्रभाकर लोडेकर, जानराव एकोटकर, अनुराग कोसे, विशाल धकाते, सचिन वाघड़े, दिव्यांशु कराड़े, राज दुर्गे, सौरभ अढ़ाऊ, प्रयाग सिरसे, सागर धोतरे आदि थे।

# श्री साईं मंदिर दमुआ में होगा श्री साईं वार्षिक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

12 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक पांच दिवसीय यज्ञ, सत्संग कथा प्रवचन एवं अन्य सभी आयोजन भव्य रूप से आयोजित किये जायेंगे।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ओम साईं राम सेवा समिति के सभी सांई सेवकों के द्वारा 15 वें सांई वार्षिक महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से मनाया जाने हेतु श्री साई मंदिर दमुआ के प्रांगण में विचार विमर्श किया गया जिसमें पांच दिवसीय दत्तात्रेय महायज्ञ एवं पांच दिवसीय सत्संग कथा प्रवचन का आयोजन होगा। प्रतिवर्ष अनुसार श्री साईं महा आरती, 56 भोग ,श्री साईं पालकी यात्रा एवं नगर भंडारा का आयोजन किया जाएगा।ज्ञात हो कि विगत 12 वर्षो से श्री साईं वार्षिक महोत्सव एवं श्री साईं मंदिर का संचालन स्वयं श्री साईं नाथ जी महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न होते रहा है।सांई राम सेवा समिति दमुआ के अध्यक्ष स्वयं श्री साईं नाथ महाराज हैं।इस संदर्भ में अगली बैठक बहुत जल्द ही आयोजित की जाएगी जिसकी सूचना शीघ्र ही प्रदान की जायेगी।समस्त क्षेत्र वासियों, सांई भक्त गणों से विनम्र अनुरोध है कि आयोजन को सफल बनाने अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें।

समिति की बैठक में मुख्य रूप से श्री रोहित सोनी श्री देवी सिंह ठाकुर, श्री प्रकाश डेहरिया, सोहन चौहान,श्री शेखर पंडोले, श्री मदन धुर्वे, श्री दीपक जगदेव ,श्री संजू श्रीवास्तव, श्री लखन पंडोले पप्पू पांडे, प्रिंस राजपाल, प्रदीप साहू, प्रमोद श्रीवास्तव ,पारस बंदेवार ,अशोक झरबड़े, बृजेश बरकड़े,नितिन साहू ,मोंटी सनोडिया, सूरज धुर्वे, छबिलाल परतेती,आदि सांई सेवकों की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया जामसांवली हनुमान का गुणगान



**सौंसर।** मंगलवार को प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने अधिकारिक सोषल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम की अलौकिक महिमा का वर्णन करते हुये प्रदेष और देष के सभी श्रद्धालूओं के मंगल एवं कल्याण की हार्दिक कामना की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेष में लिखा है कि, जामसांवली धाम वह पावन और सिद्ध स्थल है जहा पवनपुत्र हनुमान की कृपा निरंतर अवतरित होती रहती है। यह धाम न केवल अनंत आस्था का केन्द्र है, बल्कि भक्ति, षक्ति, सेवा और समर्पण का जीवंत प्रतीक भी है। हनुमान लोक की दिव्यता इतनी प्रखर है कि, वहॉ पहुचते ही भक्त के मन में ऊर्जावान षांति, आत्मविष्वास और आध्यात्मिक आनंद का संचार होता है। मंदिर परिसर में व्याप्त आध्यात्मिक कंपन और भक्ति की तरंगे हर श्रद्धालू को दिव्य स्पंदन का अनुभव कराती है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संदेष कहा कि, संकटमोचन हनुमान जी का अपार आषीर्वाद हम सभी पर बना रहे। बजरंग बली सभी के जीवन में सुख, षांति, बल, बुद्धि और सफलता का प्रसाद प्रदान करे।

## शासकीय कॉलेज दमुआ में उत्साहपूर्वक मनाया गीता महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय महाविद्यालय, दमुआ में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के मार्गदर्शन में आज भव्य गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवद्गीता के पवित्र श्लोकों के उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

महोत्सव का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों तथा जीवन प्रबंधन के अद्भुत सूत्रों को छात्रों तक पहुँचाना था।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पंडित शंभू नाथ द्वारा गीता के पंद्रहवें अध्याय के श्लोकों का मधुर एवं प्रभावशाली वाचन रहा, जिसने उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्टाफ को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

वक्ताओं ने गीता को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाला जीवन दर्शन है। विद्यार्थियों ने गीता के विभिन्न



अध्यायों का वाचन, श्लोक-गायन एवं व्याख्यान प्रस्तुत किए।मुख्य वक्ताओं ने अर्जुन-श्रीकृष्ण संवाद के माध्यम से कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग की महत्ता समझाई तथा युवाओं से आग्रह किया कि वे गीता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों की प्रभावशाली उपस्थिति रही।अंत में प्राचार्य महोदय ने गीता महोत्सव को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक समृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।गीता महोत्सव कार्यक्रम का संयोजन डॉ पुष्पा मौर्य एवं विनिता धुर्वे ने किया।गीता महोत्सव कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ विमल कुमार कौशले डॉ सरिता पाल डॉ राजेश कुमार लोखंडे डॉ दिलीप ढोबाले जितेंद्र दिवाकर सुषमा टांडेकर घनश्याम मालवीय राजेश भाटिया दिनेश इवनाती कंचन इंद्रा पाटिल वैभव पाटिल महेश भारती मोरेश्वर कराड़े सुखमन भारती संदीप चंदेल ढोंढू टेकाम और छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक 2 किन्ही मे किया गया बोरी बंधान



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** म.प्र. जन अभियान परिषद् किरनापुर सेक्टर कृमांक 02 अंतरगत प्रस्फूटन गाँव किन्ही मे जिला समनवयक सुशील कुमार बर्मन व ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश के संयुक्त मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था राज भूषण सोशल सोसाइटी भूआ के सहयोग द्वारा लगभग 120 बोरीयों बंधान कार्य किया गया। म.प्र. जन अभियान परिषद् द्वारा पृदेश मे जल संरक्षण व जल संवर्धन को लेकर 15 नवंबर से लेकर 30 दिसम्बर 2025 तक जल संचय बोरी बंधान कार्य चलाया जा रहा है। इस अवसर पर गाँव गाँव में स्थित जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, साफ, सफाई, गहरी करण, बोरी बंधान कार्य चलाया जा रहा है। जल समाज के जरुरत का पृमुख अंग है। और इसका संचय कर ही हम भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने मे सक्षम हो सकते हैं, यह कार्य पूर्णतः सामुहिक सहयोग पर निर्भर करती है। सहयोग से ही इस कार्य को सफल बनाया जा सकता है। आज के इस कार्य मे जन अभियान परिषद् द्वारा गठित प्रस्फूटन समिति, मेंटर्स नवांकुर संस्था, तथा सीएम सी एल डी पी के छात्र छात्राओं का व ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। आज बोरी बंधान कार्य मे नवांकुर प्रभारी दिनेश चोरनेले, ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश, जगदीश पांचे, निकास ऐडे,, रामकुमार राहांगडाले सदस्य पल्हेरा, टेकराम भरने वार्ड पंच, भजनलाल नागेश्वर, सचिव उमेन्द पटले, छात्र छात्राओं मे ज्योति झगराहे, प्यिंका पांचे, सोनाली, रियल, तृप्ति, नितेश दे वाहे, व गा्मिणो का बोरी बंधान कार्य मे भरपूर सहयोग रहा।

### सवाल अब भी बरकरार सड़क किनारे का कब हटेगा अतिक्रमण

## सरकारी स्कूल के सामने से हटाया गया अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर में मेन रोड पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। एसडीएम के निर्देश पर नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सोमवार को शासकीय नवीन माध्यमिक शाला के सामने से नगर परिषद के अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। स्कूल के गेट के ठीक सामने लंबे समय से दुकानों का अवैध कब्जा था। इससे स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं और शिक्षिकाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के आदेश जारी किए गए और अतिक्रमण हटाया गया। इस अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही थी। ऐसे में आखिरकार प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना ही पड़ा।

वैसे तो कटंगी शहर में जगह-जगह अतिक्रमण ने अपने पांव पसार रखे हैं। मगर प्रशासन अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने से हमेशा ही बचते रहता है। प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों के इशारे पर कार्रवाई करने से बचते हैं। दरअसल शहर में अतिक्रमण के पांव पसारने की एक बड़ी वजह वोट बैंक की राजनीति भी है। नेता अपना वोट बैंक बचाने के लिए अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देते हैं। नेताओं से मिला यह संरक्षण अधिकारियों के लिए कमाई का जरिया बना हुआ है। समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारी अतिक्रमण के नाम पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस तामिल कर देते हैं। परंतु कोई कार्रवाई नहीं करते है।



बताया जाता है कि इस तरह के नोटिस तामील करने के बाद अतिक्रमणकारी अधिकारियों के चक्कर काटता है और यहीं पर लेनदेन के बाद पूरी कार्रवाई ठप हो जाती है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि किसी एक अतिक्रमणकारी को व्यक्तिगत तौर पर नोटिस थमाया जाता है और फिर कोई कार्रवाई नहीं होती।

कई बार, यह तर्क दिया जाता है कि अतिक्रमणकारी गरीब हैं, और मानवीय आधार पर उन्हें राहत देने के लिए कई लोग अतिक्रमण की कार्रवाई का विरोध करते हैं। लेकिन इस राहत का फायदा उन अतिक्रमणकारियो को भी मिलता है जिनके पास बड़ी-बड़ी दुकान हैं और वह लोग सड़क पर सामान निकाल कर व्यापार करते हैं। अतिक्रमण का एक पक्ष यह भी है कि शहर के भीतर कई लोग जो नगर परिषद को बड़ा टैक्स अदा करते हैं उनका व्यापार फुटपाथ पर बैठे हुए अतिक्रमणकारी दुकानदार खराब कर रहे हैं। ऐसे में यह बड़े दुकानदार अतिक्रमण कर फुटपाथ पर बैठकर दुकानदारी कर रहे दुकानदारों से बेहद परेशान रहते हैं।

### रात्रि में करीब 12 बजे की घटना, आगजनी का कारण अज्ञात

## लोहमारा में एक किराना दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तहसील मुख्यालय से करीब 06 किमी दूर ग्राम लोहमारा में सघन बस्ती के बीच की एक किराना दुकान में अचानक से आग भड़क गई। जिससे करीब 03 से 05 लाख रुपए की क्षति होने का प्रारंभिक अनुमान है। घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात्रि करीब 12 बजे के आस-पास की बताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार लोहमारा निवासी राजकुमार नागेश्वर की गांव में ही परमात्मा एक किराना एवं जनरल स्टोर नाम की दुकान है। जहां रात्रि में करीब 12 बजे के आस-पास अचानक से आग की लपटे उठती हुई दिखाई दी। दुकान के पड़ोस में रहने वाले लोगों ने आग की लपटों को देखा और शोर मचाया जिसके बाद गांव के लोग जागे और अफरा-तफरी का माहौल खड़ा हो गया। जैसे-तैसे दुकान का शटर खोलकर आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। दुकानदार के मुताबिक दुकान में ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल भी रखा हुआ था। लेकिन आग कैसे लगी इस बारे में स्पष्ट नहीं हो पाया है। रात्रि में ही डायल 112 को आगजनी की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची हालांकि तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

दुकानदार राजकुमार नागेश्वर के मुताबिक आगजनी में करीब 05 हजार रुपए की नकदी रकम सहित दुकान में रखा करीब 03 से 05 लाख रुपए तक का किराना सामान जलकर नष्ट हुआ है। आग किन



कारणों की वजह से लगी या लगाई गई होगी इस बारे में वह कुछ भी स्पष्ट नहीं कह पा रहे है। खैर अब पुलिस जांच के बाद ही आगजनी के सही कारण का पता चलेगा। दुकानदार ने बताया कि दुकान में रखा किराने का कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया है। जिसे अब बेचा जाना मुमकिन नहीं है। गांव के भीतर रात्रि में करीब 12 बजे हुई घटना ने ग्रामीणों को कुछ पल के डराकर रख दिया था। दरअसल, जिस दुकान में आगजनी की वारदात हुई वह गांव के बीचो-बीच है आस-पास मकान है। अगर, आग की हल्की सी चिंगारी किसी भी मकान तक पहुंचती तो आग विकराल रूप ले लेती और गांव के कई मकानों को अपनी चपेट में ले सकती थी। समय रहते आग की लपटों को उठते देखकर आग पर काबू पा लिया गया जिससे बड़ी घटना टल गई।

### समारोह में उठी दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण की आवाज

## विश्व दिव्यांग दिवस समारोह : दिव्यांग जन कल्याण संघ कार्यालय में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज लांजी।

दिव्यांग जन कल्याण संघ कार्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वप्रथम भारत माता एवं महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात संघ के परंपरानुसार संघ के अध्यक्ष महोदय तन्मय जगदीश मिश्रा द्वारा कार्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया।

इस अवसर पर मिश्रा द्वारा कहा कि यह दिन दिव्यांग जनों को सम्मानित और सशक्त करने का अवसर है। आज के समय में दिव्यांग जनों को दया नहीं बल्कि अवसर की आवश्यकता है। दिव्यांग जन



कल्याण संघ सभी नागरिकों से विशेष आग्रह करता है कि समाज में दिव्यांग जनों के प्रति सकारात्मकता का वातावरण प्रदान किया जाए ताकि सभी दिव्यांग जन अपने जीवन में सकारात्मक दिशा में बढ़ सके।इस अवसर पर संरक्षक महोदया श्रीमती परमिला देवीचरण ठाकरे, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, सचिव श्री रूपेश कुमार कुथे, कोषाध्यक्ष कु. सुनीता बिसेन, संयुक्त सचिव सुश्री अनीता उईके, शिकायत अधिकारी कु. पारुल ठाकरे, श्रीमती प्रमिला बाई पारधी, सलिता ठाकरे, सुषमा ठाकरे, राजकुमार बेदरे, राजू ठाकरे, जगदीश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के नीचे धूल खा रहा शहीद आशीष शर्मा का छायाचित्र

## श्रद्धांजली देकर शहीद को ही भूल गये जनप्रतिनिधि और पुलिस कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 19 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में नक्सलियों के साथ एक संयुक्त अभियान के दौरान देश के लिये अपना बलिदान देने वाले शहीद आशीष शर्मा की अंतिम बिदाई में जिलेवासियों सहित पूरे प्रदेश में जिस तरह उन्हें श्रद्धांजली दी वह पल कभी देशवासी नहीं भूल सकेंगे। वहीं इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की शहादत को याद करते हुए जिले सहित प्रदेश भर में उनकी याद में श्रद्धांजली सभा आयोजित कर उनके बलिदान को याद करते हुए उन्हें भी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही धर्मनगरी लांजी में इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की शहादत को सलाम करते हुए नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक में जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे के नेतृत्व में जनपद के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, कांग्रेसियों एवं अन्य समाजसेवी संस्थाओं ने भी शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को याद कर श्रद्धांजली देकर वाहवाही लूटने का कार्य किया। वहीं श्रद्धांजली देने के बाद शहीद आशीष शर्मा की फोटो सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के नीचे पिछले 10 दिनों से ज्यादा बीतने के बाद भी धूल खा रही है जिसे सहेजने की फुर्सत न तो पुलिस कर्मचारियों को है न जनप्रतिनिधियों को है। जबकि नियमानुसार श्रद्धांजलि के बाद शहीद जवान की फ ोटो को सम्मान और पवित्रता के साथ



घर के किसी खास हिस्से में सुरक्षित रखा जाना चाहिए, जैसे कि एक समर्पित दीवार पर या किसी पूजा स्थल पर। इसे धूप और धूल से बचाकर रखना चाहिए, और समय-समय पर साफ.-सफ ाई करते रहना चाहिए। यह फ ोटो शहीद के सम्मान का प्रतीक है, इसलिए इसे पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ रखना चाहिए। परंतु धर्मनगरी लांजी ठीक इसके उलट स्थिति है यहां कभी राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता है तो कभी राष्ट्र के लिये अपनी जान देने वाले जवानों का.....दो दिन पूर्व नगर परिषद के कचरा वाहन में राष्ट्रध्वज को लटकाने का मामला अभी शांत नहीं हुआ था और फिर शहीद जवान की फोटो को लावारिस हालत में छोडऩे का यह दूसरा मामला प्रकाश में आ गया। वहीं जब इस मामले की जानकारी सोशल मीडिया में समाचार के रूप में वायरल हुई तो देर शाम तक शहिद आशीष शर्मा की फोटो श्रद्धांजलि स्थल से हटा ली गई, परन्तु किसने फोटो हटाई इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

उल्लेखनीय है की शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा हॉक फ ोर्स में तैनात थे और वीरता के लिए दो बार वीरता पदक से सम्मानित हो चुके थे। उनकी बहादुरी, वीरतापूर्ण कार्रवाई और नक्सलियों से मुकाबले के कारण उन्हें इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति मिली थी। वह 2016 में मध्य प्रदेश पुलिस में शामिल हुए थे और 2018 में हॉक फ ोर्स बालाघाट में तैनात हुए थे। उन्हें 18 दिसंबर 2022 को 14 लाख रुपये के इनामी नक्सली को मार गिराने के लिए पहला वीरता पदक मिला। 22 अप्रैलए 2023 को दो अन्य नक्सलियों को मार गिराने के लिए दूसरा वीरता पदक मिला। अपनी बहादुरी के लिए उन्हें 21 फ रवरी, 2023 को आउट ऑफ.टर्न प्रमोशन मिला और उप निरीक्षक से निरीक्षक बने थे।

**खबर संक्षेप**



### मरारर माली समाज का सम्मेलन हुआ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी की उप तहसील उगली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरेखा कला में महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मरार समाज के तत्वाधान में मरार माली समाज का सम्मेलन संपन्न हुआ, उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी गजानंद पंचेश्वर जिला महासचिव मरार समाज संतोष पंचेश्वर सरपंच ग्राम सकरी मरार समाज के अध्यक्ष रमेश देशमुख पूर्व सरपंच ग्राम नसिंहपुर दुर्गेश नागेश्वर जनपद सदस्य सकरी सेवानिवृत शिक्षक आर. पी. भ्रमित जी जिले के मरार समाज के सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के बीच में संपन्न हुआ।

# खाद्य विभाग की कार्यवाही: गजराज रेस्टोरेंट का लाइसेंस निलंबित

## किचन परिसर को किया गया सील, जारी किया गया इंप्रूवमेंट नोटिस

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है।

इसी कड़ी में जांच दल द्वारा मंगलवार 02/12/ 25 को लखनादौन स्थित गजराज होटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इडली, सांभर एवं आलू की सब्जी का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। किचन में खाद्य सामग्री अस्वच्छ परिस्थितियों में होने एवं किचन में साफ सफाई की कमी तथा कॉकरोच पाए जाने के कारण संबंधित प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलंबित करते हुए खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा मानव अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में मिडवे ट्रीट लखनादौन से छोले की बनी सब्जी का नमूना, होटल गुप्ता जी रेस्टोरेंट से पनीर एवं नमक का नमूना, केसरवानी होटल से पनीर एवं पके हुए चावल का नमूना, ग्राम बोरिकला स्थित किराना से शक्कर, साबूदाना, चाय और विनय किराना से मेथी, मैदा, बेसन, अरी स्थित फ्रेंड्स किराना स्टोर से मिर्च पावडर एवं चाय का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया।





# तेज आवाज साइलेंसर वाली बुलेट पर 2000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है।**

यातायात पुलिस बल द्वारा तेज आवाज साइलेंसर वाली बुलेट वाहनों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। थाना यातायात के छिंदवाड़ा चौक प्वाइंट पर तैनात आरक्षक धनसराम धुर्वे द्वारा बुलेट क्रमांक एमपी 48 एमएम 7444 को छिंदवाड़ा चौक के पास रोक कर चेक करने पर पाया कि उक्त वाहन में लगा साइलेंसर तेज आवाज वाला साइलेंसर है। जिसकी सूचना थाना प्रभारी यातायात को दी जिस पर थाना प्रभारी यातायात द्वारा वाहन मे अनधिकृत छेड़छाड़ करने एवं तेज आवाज साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण करने संबंधी धाराओं में संबंधित वाहन पर 2000 का जुर्माना मोटर व्हीकल एक्ट धाराओं में किया गया।

कृषि उपज मंडी समिति सिवनी में बड़ी कार्रवाई

# प्रभारी सचिव प्रकाश मार्को निलंबित, नए सचिव के.पी. चौधरी ने संभाली जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषि उपज मंडी समिति सिवनी में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं पर आखिरकार बड़ी कार्रवाई हुई है। मंडी निरीक्षक एवं प्रभारी सचिव प्रकाश मार्को को मंडी बोर्ड के सह आयुक्त प्रबंध संचालक द्वारा निलंबित कर दिया गया है तथा उन्हें तत्काल प्रभाव से मंडी बोर्ड मुख्यालय जबलपुर अटैच कर दिया गया है। इधर, मंडी व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मंडी बोर्ड जबलपुर से सचिव वर्ग 'बी' के अधिकारी के.पी. चौधरी को सिवनी मंडी का नया सचिव नियुक्त किया गया है, जिन्होंने कार्यभार संभालते ही व्यवस्था सुधार की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार प्रकाश मार्को के कार्यकाल में मंडी प्रांगण में किसानों द्वारा बेची गई मक्का की उपज का समय पर भुगतान नहीं कराया गया व्यापारियों द्वारा देर से भुगतान करने पर किसानों को देय ब्याज राशि नहीं दिलाई गई मंडी शुल्क आय में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई अवैध परिवहन और निकासी पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का 100 दिनों के भीतर भी निराकरण नहीं हुआ मंडी परिसर में हो रहे अतिक्रमण पर भी कठोर कदम नहीं उठाए गए इन सभी मामलों की विस्तृत समीक्षा के बाद मंडी बोर्ड ने सख्त निर्णय लेते हुए प्रकाश मार्को को निलंबित किया।

नई जिम्मेदारी नई उम्मीदें नए सचिव के.पी. चौधरी से कृषक वर्ग को बड़ी उम्मीदें हैं। किसानों का कहना है कि अवैध परिवहन पर रोक लगाने मंडी शुल्क व्यवस्था को पारदर्शी बनाने भुगतान समय पर सुनिश्चित कराने और मंडी प्रणाली को व्यवस्थित करने जैसे मुद्दों पर अब कडक़ और प्रभावी कार्रवाई की शुरुआत होनी चाहिए। किसानों का विश्वास है कि नए सचिव की कार्यशैली से सिवनी मंडी में पिछले समय की अव्यवस्थाओं पर लगाम लगेगी और स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अन्य जिलों की मंडियों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सिवनी मंडी में यह बदलाव न केवल प्रशासनिक सख्ती का संकेत है बल्कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में बड़ा कदम भी माना जा रहा है।

राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त बड़ी कार्रवाई

# वनराज रिसॉर्ट से 9 एकड़ सरकारी भूमि को मुक्त कराया

**सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व से सटे कोहका गांव में स्थित वनराज रिसॉर्ट द्वारा की गई अवैध कब्जा कार्रवाई मंगलवार को पूरी हुई। राजस्व अमले ने लगभग 9 एकड़ सरकारी भूमि पर फैले रिसॉर्ट के बाउंड्रीवाल, दो कार्टेज और अन्य अस्थायी-स्थायी निर्माण को तोडक़र भूमि को मुक्त कराया। यह कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राजस्व टीम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई कुरई तहसीलदार सतीश चौधरी और नायब तहसीलदार दामोदर प्रसाद दुबे के नेतृत्व में 20 कोटवार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और पुलिस बल ने कार्रवाई में हिस्सा लिया। इस दौरान दो जेसीबी मशीनों की मदद से रिसॉर्ट द्वारा अवैध कब्जे किए गए हिस्सों को जमींदोज किया गया। ग्राम पंचायत कोहका और टुरिया के सरपंच-सचिव तथा क्षेत्रवासी भी मौके पर उपस्थित रहे।

अन्य रिसॉर्ट का भी अतिक्रमण जांच में शामिल जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिय़ा और ग्रामीणों की शिकायत के बाद पेंच इंटरनेशनल, रिजेंटा, स्टर्लिंग और तथास्तु रिसॉर्ट के अतिक्रमण की जांच की गई।

इनमें से कुछ मामलों में टुरिया और कोहका में सरकारी भूमि पर तार फेंसिंग, विला और अन्य निर्माण पाए गए। कुरई तहसीलदार ने वनराज रिसॉर्ट का शेष अतिक्रमण बुधवार को हटाने का आदेश दिया है। अन्य रिसॉर्ट पर लंबित अपील के निपटान के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने एम आर-1 मार्ग स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने एम आर-1 मार्ग निर्माण स्वीकृति के लिए क्षेत्र के आमजनों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



सिवनी नगर मे लूघरवाडा एनटीपीसी से खैरीटेक एम आर-1 मार्ग निर्माण लंबाई 13.80 किमी , लागत 9709.80 लाख की वर्ष 2025-2026 द्वितीय अनुपूरक अनुमान मे आवश्यक अनुदान स्वीकृति के लिए विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र के आमजनों की ओर से मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## वैन और बाइक की टक्कर, बाइक चालक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में दारोट गांव के पास मंगलवार देर रात एक वैन और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, एटीएम मशीनों में कैश डालने वाली एक वैन घंसौर से लखनादौन की ओर जा रही थी। इसी दौरान कहानी की तरफ से घंसौर जा रहे बाइक सवार संत कुमार इनवाती (40 वर्ष) से वैन की टक्कर हो गई। हादसे में संत कुमार इनवाती गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया।सूचना मिलने पर घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि उन्हें एक बाइक चालक के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और घायल के संबंध में और भी जानकारी जुटाई जा रही है। यह घटना ऐसे स्थान पर हुई जहां लोगों और वाहनों का आवाजाही अधिक रहता है। गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई अन्य व्यक्ति या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बुधवार 03 दिसम्बर को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम एएनसी रजिस्ट्रेशन की स्थिति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित करना अनिवार्य है, ताकि समय पर जांच, दवा एवं पोषण संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने मॉडरेट एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से गर्भवती महिलाओं से घर-घर संपर्क कर एनीमिक तथा हाई-रिस्क मामलों को पहचानने और तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में इस वर्ष जिले में दर्ज मातृ मृत्यु के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि हर मातृ मृत्यु की जानकारी का विश्लेषण कर कमियों का पता लगाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनिटरिंग, समय पर रेफरल तथा वरिष्ठ चिकित्सालय में भेजे गए प्रकरणों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिए। टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सिवनी एवं गोपालगंज में टीबी स्क्रीनिंग और एक्सरे की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों की पहचान, जांच और दवा वितरण की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। बैठक में सिकल सेल मरीजों के उपचार एवं फॉलोअप, एनसीडी कार्यक्रम (डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि) तथा अन्य स्वास्थ्य अभियानों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बीएमओ और संबंधित अधिकारियों को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य मातृ, शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, टीबी उन्मूलन एवं गंभीर रोगों की रोकथाम है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ.जयपालसिंह ठाकुर सहित सभी बीएमओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन एवं सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम 7 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ने बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया जाता है कि मासिक सैनिक सम्मेलन एवं सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम का आयोजन 07 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, इंद्रहंस नगर फेस-2, प्लॉट क्रमांक 33, हाउस नं. 1297, ज्यादरत नाका, अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास (से.नि.) ने सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। मासिक सैनिक सम्मेलन के दौरान उपस्थित पूर्व सैनिक अपनी समस्याएँ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से चर्चा कर समाधान एवं निराकरण प्राप्त कर सकेंगे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय के मिशन स्कूल ग्राउंड में जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, तथा समग्र शिक्षा सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न विकासखंडों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन विद्यार्थी उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में शामिल हुए।

दिनभर चली प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, नृत्य, संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और चित्रकला जैसी विविध विधाओं में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों के जोश और कौशल ने उपस्थित जनों को प्रभावित किया। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा ऐसे आयोजन दिव्यांगजन बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और निखारने के साथ-साथ उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री नमन नेमा ने बताया कि प्रतियोगिता में 197 से अधिक दिव्यांगजन विद्यार्थी उपस्थित हुए और सभी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम के अंत में श्री प्रशांत गुर्गा ने सभी आगंतुकों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और दिव्यांगजन बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

कार्यक्रम में श्री राजेश लिल्हारे (प्रभारी उपसंचालक, सामाजिक न्याय), श्री शिवराज सिंह (जिला शिक्षा अधिकारी), श्री महेश बघेल (जिला शिक्षा केन्द्र, सिवनी), श्री प्रशांत सोनी (नोडल अधिकारी), श्रीमति खिमिया सनोडिया (अधीक्षक, CWSN छात्रावास), जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी तथा सामाजिक न्याय विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत बडोल नाला में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश

# नवांकुर संस्था सतयोगी सोसायटी फॉर हॉमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था द्वारा कराया गया जल संचय अभियान के अन्तर्गत बोरी बंधान कार्य

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जल भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है

जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बंड़ोल में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला के मार्गदर्शन एवं ब्लाक समन्वयक श्रीमति मोनिका चौरसिया एवं नवांकुर संस्था सतयोगी सोसायटी फॉर ह्युमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था से कार्यकम समन्वयक श्रीमति सीमा गड़ यायले जितेंन्द्र लिल्हारे एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष अरविंद सिंह बघेल, सचिव मनोरंजन सिंह बघेल, सदस्य कैलाश बघेल, प्रीतलाल बघेल, राजकुमार वर्मा, मनोरंजन सिंह एवं अन्य समिति सदस्यों एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति में जल संरक्षण के उदेश्य से बंडोल नाला पर बोरी बंधान का महत्वपूर्ण कार्य किया गया।



डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप 1 दिसम्बर 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और जल संरक्षण का एक मजबूत संदेश पूरे क्षेत्रों में प्रसारित किया। कार्यकम के दौरान जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था सतयोगी सोसायटी फॉर ह्युमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था की कार्यकम समन्वयक श्रीमति सीमा गड़पायले एवं ब्लाक समन्वयक श्रीमति मोनिका चौरसिया के निर्देशन में ग्रामीणों द्वारा लगभग 30 बोरी लगाकर नाले पर अस्थायी बांध तैयार किया गया। इस बोरी बंधान से वर्षा जल के संचयन में वृद्धि होगी, जिससे न केवल आसपास के खेतों में नमी बढ़ेगी बल्कि भूजल स्तर में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा। ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से यह सिद्ध किया कि छोटे-छोटे कार्य भी बड़े बदलाव ला सकते है।

कार्यकम में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक श्रीमति मोनिका चौरसिया ने ग्रामीणों को जल संचय अभियान, नाला संरक्षण और जल प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अंत में, ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि जल संरक्षण जैसे लोकहितकारी कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि भविष्य की पीढ़ियों जल संकट से मुक्त होकर सुरक्षित जीवन जी सकें।

# कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में ताखलाकला स्कूल के छात्रों ने सीखी नई बातें

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में आज व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताखलाकला (वि.खं. बरघाट, जिला सिवनी) के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान, मिट्टी का स्वास्थ्य, शुद्ध जल एवं वायु के संरक्षण तथा इन प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को कृषि क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु प्रेरित किया।

केंद्र के डॉ. के.पी.एस. सैनी ने कृषि क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं एवं तकनीकी ज्ञान के महत्व पर उपयोगी टिप्स दिए। इसके बाद विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न इकाइयों केंचुआ खाद उत्पादन इकाई,अजोला उत्पादन इकाई,पशुपालन इकाई, अमरूद उद्यान,आबला उद्यान,फसल संग्रहालय का अवलोकन किया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. के.के. देशमुख, डॉ. एन.के. सिंह, इंजीनियर कुमार सोनी एवं डॉ. के.पी.एस. सैनी ने दैनिक जीवन में एग्रीकल्चर विज्ञान की उपयोगिता व आवश्यकता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### धान के रू3100 एमएसपी और रबी में पानी नहीं मिलने से नाराज

## समर्थन मूल्य को लेकर किसान उतरे सड़कों पर





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लालबर्रा में बुधवार को किसानों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में किसान पैदल और ट्रैक्टरों से पहुंचे।

किसानों की नाराजगी धान के लिए 3100 रुपए और गेहूं के लिए 2700 रुपए के समर्थन मूल्य के वादे को पूरा न करने और रबी की फसल के लिए पानी और बिजली न मिलने को लेकर थी।

प्रदर्शनकारियों ने एक बड़ी रैली निकाली, जो थाने के सामने से होते हुए बस स्टैंड सभास्थल पर धरने में बदल गई। किसान नेता डुलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि सरकार को ज्ञापन सौंपकर धान के लिए 3100 रुपए और गेहूं के लिए 2700 रुपए के समर्थन मूल्य का वादा पूरा करने की मांग की गई है।

उन्होंने खेती में बिजली और सिंचाई से संबंधित समस्याओं को भी उठाया। ठाकरे ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं मिल रहा है और सरकार समय पर बिजली-पानी उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिससे किसान नाराज हैं।

ठाकरे ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों का शोषण हो रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान पहले से ही सरकार द्वारा वादे पूरे न करने से नाराज थे, और कलेक्टर के रबी में धान की सिंचाई के लिए पानी और बिजली न देने के फरमान ने उनके आक्रोश को और बढ़ा दिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य में अब तक जितनी भी सरकारें रही हैं, उन्होंने किसानों से वादे तो किए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया।

### खनिज विभाग की अवैध रेत खनन पर छापामार कार्यवाही

## कार्यवाही : कोकना, कड़कना में बाघ नदी से रेत का अवैध खनन करते 5 ट्रेक्टर-ट्राली किये जब्त





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में रेत का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मप्र खनिज नियम के तहत तत्परता के साथ कार्यवाही की जा रही है। किरनापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढोरिया-परसवाड़ा, कोकना एवं कड़कना में रेत का अवैध खनन किये जाने की सूचना मिलते ही उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने 03 दिसम्बर को सुबह 06 बजे छापामार कार्यवाही कर रेत का अवैध खनन करने पर 05 ट्रेक्टर ट्राली जब्त किये है।उपसंचालक खनिज विभाग सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि 03 दिसम्बर को खनिज रेत का अवैध उत्खनन किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही विभागीय अमले द्वारा प्रातः 6:00 बजे किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम डोरिया-परसवाडा, कोकना एवं कड़कना में बाघ नदी से रेत का अवैध उत्खनन करने वालो पर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान रेत का अवैध उत्खनन करने पर 02 प्रकरण दर्ज किये गये है। जिसमें एक प्रकरण में 02 ट्रेक्टर-ट्राली तथा दूसरे प्रकरण में 03 ट्रेक्टर-ट्राली जब्त किये गये है। इन वाहनों के मालिको के विरूद्ध मप्र खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जा रहे है।खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज अमले द्वारा ग्राम ढोरिया-परसवाडा , कोकना एवं ग्राम कड़कना घाट से बाघ नदी पहुंच मार्ग को अवरूद्ध किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा रेत का अवैध उत्खनन पाए जाने पर तुरंत विभाग को अवगत कराए, इस पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### छिंदलई इंटकवेल में लगे ट्रांसफार्मर को सुधारा गया

## लालबर्रा ब्लाक की 77 ग्राम पंचायतों में नल-जल योजना से जल प्रदाय शुरू

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि लालबर्रा विकासखंड की 77 ग्राम पंचायतों के लिए तैयार की गई समूह पेयजल योजना के छिंदलई इंटकवेल का ट्रांसफार्मर खराब होने से जल प्रदाय में व्यवधान हुआ था। विद्युत विभाग से समन्वय कर ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य कर लिया गया है और अस्थायी कनेक्शन लेकर 03 दिसंबर की शाम 06 बजे से इस समूह पेयजल योजना से सभी ग्रामों को जल प्रदाय फिर से प्रारंभ कर दिया गया है।

## सड़क सुरक्षा समिति : सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 03 दिसम्बर को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपायो पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढपाल, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली करहालिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएस अडमें, सड़क विकास प्राधिकरण के जिला प्रबंधक श्री मुकेश बेले, प्रभारी सीएचएमओ डॉ. ऋत्विक पटेल, यातायात थाना प्रभारी सुश्री यीना राहंगडाले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना रोकने प्रभावी उपाय करें:** बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने रोड निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की सभी प्रकार की सड़को का सर्वे कर साईड सोल्डर मरम्मत कार्य, संकेत बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रोड़ मार्किंग एवं क्षतिग्रस्त पुल पुलियों का आवश्यकता के अनुसार सुधार कार्य शीघ्रता से करें। बालाघाट शहर की यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए रानी अवंती बाई चौक, काली पुतली चौक, आम्बेडकर चौक, जय स्तंभ चौक एवं हनुमान चौक में स्वचालित ट्रैफिक सिग्नल लगाने के निर्देश दिए। सड़को के किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों के ठेले, गुमटी हटाने के निर्देश दिये गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मोतीनगर में सेन चौक से पालीटेक्निक कॉलेज वाली रोड एवं अम्बेडकर चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय वाली रोड पर स्ट्रीट लाईट लगाने के निर्देश दिये गए। जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने कहा गया।

**सभी थाना प्रभारियों एवं सभी अस्पतालों के चिकित्सकों को कैशलेस उपचार योजना का शीघ्र प्रशिक्षण:** कलेक्टर श्री मीना ने यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए हेलमेट, वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं लायसेंस की नियमित रूप से चेकिंग करने के निर्देश दिए और कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों से चालान वसूलने के साथ ही उनके लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करें। सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं सभी अस्पतालों के चिकित्सकों को शीघ्र प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये गए। इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मोटर वाहन के उपयोग के कारण हुई सड़क दुर्घटना का शिकार होता है, वह देश भर में किसी भी नामित अस्पताल में दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों की अधिकतम सीमा के अधीन, प्रति पीड़ित 1.5 लाख रुपये तक के उपचार कवर का हकदार होगा।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा

## खरीदे गए धान का शीघ्रता से परिवहन करने के निर्देश



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 03 दिसम्बर को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर, उपायुक्त सहाकारिता राजेश उइके, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पी जोशी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनिल किरार, वेयर हाउस के प्रबंधक पटले एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि धान की खरीदी स्लॉट बुकिंग के आधार पर की जाए। किसानों से खरीदी गई धान एफएक्यू क्वालिटी की होना चाहिए। समिति स्तर के खरीदी केंद्रो पर खरीदी गई धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जाए। सभी खरीदी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी व्यापारी या बिचौलिया किसान के नाम पर अपनी धान न बेच पाए।

बैठक में बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले की सभी 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से किसानों से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 03 दिसम्बर की शाम तक जिले के 1507 किसानों से 54 हजार 324 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। गोदाम स्तर पर बनाए गए 58 केंद्रो पर 482 किसानों से 17 हजार 730 क्विंटल एवं समिति स्तर पर बनाए गए 127 केंद्रो पर 1025 किसानों से 36 हजार 594 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। कटंगी तहसील के 17 केंद्रो पर 57 किसानों से 1937 क्विंटल, किरनापुर तहसील के 18 केंद्रो पर 251 किसानों से 10 हजार 569 क्विंटल, खैरलांजी तहसील के 23 केंद्रो पर 39 किसानों से 1525 क्विंटल, परसवाड़ा तहसील के 11 केंद्रो पर 39 किसानों से 2100 क्विंटल, बालाघाट तहसील के 20 केंद्रो पर 161 किसानों से 7145 क्विंटल, बिरसा तहसील के 12 केंद्रो पर 184 किसानों से 6434 क्विंटल, लांजी तहसील के 19 केंद्रो पर 89 किसानों से 3134 क्विंटल, लालबर्रा तहसील के 29 केंद्रो पर 401 किसानों से 12 हजार 240 क्विंटल एवं वारासिवनी तहसील के 21 केंद्रो पर 286 किसानों से 9240 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

## डीईओ उपाध्याय ने शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने 03 दिसंबर को शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर उनकी अध्ययन पद्धति तथा कठिनाइयों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

डीईओ श्री उपाध्याय ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए प्रभावी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, पुनरावृत्ति, मॉडल प्रश्नपत्रों के अभ्यास तथा रेमेडियल क्लास में सक्रिय भागीदारी के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान छात्र छात्राओं छात्रों ने भी अपनी शंकाएँ एवं सुझाव प्रस्तुत किए। रेमेडियल कक्षाओं की प्रगति के संबंध में श्री उपाध्याय ने उसकी गुणवत्ता में सतत सुधार के लिए शिक्षकों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने सभी छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि रेमेडियल कक्षाएँ छात्रों की कमजोरियों को दूर कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

श्री उपाध्याय ने विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर, शिक्षण योजनाएँ, विषयवार प्रगति, मूल्यांकन अभिलेख तथा परीक्षा परिणाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विषयों के शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर कक्षा-स्तर पर सीखने की प्रक्रियाओं, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों में सुधार के उपायों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

### धान खरीदी के लिए बनाए गए है 185 केंद्र

## 1507 किसानों से समर्थन मूल्य पर 54 हजार 324 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने तथा उन्हें दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा 185 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। जिले में धान की खरीदी 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो गई है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले की सभी 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से किसानों से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 03 दिसम्बर की शाम तक जिले के 1507 किसानों से 54 हजार 324 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। गोदाम स्तर पर बनाए गए 58 केंद्रो पर 482 किसानों से 17 हजार 730 क्विंटल एवं समिति स्तर पर बनाए गए 127 केंद्रो पर 1025 किसानों से 36 हजार 594 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। कटंगी तहसील के 17 केंद्रो पर 57 किसानों से 1937 क्विंटल, किरनापुर तहसील के 18 केंद्रो पर 251 किसानों से 10 हजार 569 क्विंटल, खैरलांजी तहसील के 23 केंद्रो पर 39 किसानों से 1525 क्विंटल, परसवाड़ा तहसील के 11 केंद्रो पर 39 किसानों से 2100 क्विंटल, बालाघाट तहसील के 20 केंद्रो पर 161 किसानों से 7145 क्विंटल, बिरसा तहसील के 12 केंद्रो पर 184 किसानों से 6434 क्विंटल, लांजी तहसील के 19 केंद्रो पर 89 किसानों से 3134 क्विंटल, लालबर्रा तहसील के 29 केंद्रो पर 401 किसानों से 12 हजार 240 क्विंटल एवं वारासिवनी तहसील के 21 केंद्रो पर 286 किसानों से 9240 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 01 लाख 30 हजार 37 किसानों के 01 लाख 76 हजार 916 हेक्टेयर क्षेत्र की धान फसल का पंजीयन किया गया है। सभी धान खरीदी केंद्रो पर बारदाने, तौल कांटे, पीने के पानी, छाया एवं अन्य व्यवस्थाएँ की गई है। किसानों से अपील की गई है कि वे धान को अच्छी तरह साफ कर एवं सुखा कर ही बिक्री के लिए लाए। जो धान एफएक्यू क्वालिटी की नही होगी उसकी खरीदी नही की जाएगी।

## 10 दिसंबर को मिरगपुर शासकीय अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर का होगा आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** सामुदायिक शासकीय अस्पताल खैरलांजी में 3 दिसंबर बुधवार को खंड चिकित्सक अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल (बीएमओ ) के मार्गदर्शन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो ने ओपीडी में पंजीयन कर नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस.बिसेन से अपना उपचार किया। चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन जबलपुर भेजा गया। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने बताया की शिविर में 40 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया। जिसमे से 17 नेत्र रोगी को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया । उन्होंनो बताया की आगामी 10 दिसंबर को पुन निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिरगपुर में किया जाएगा जिसमें नेत्र रोगीयो की जांच कर उपचार व उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा।

## जन सहयोग बना संबल: ठंड की सिहरन में पहुँची मानवीय गर्माहट

### टेकाड़ी में आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने कंबल, शॉल व निशुल्क सेनेटरी पैड का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



दिसंबर की तीखी ठंड इस समय पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में लिए हुए है। ऐसे मौसम में वे परिवार, जो रोज़ मेहनत कर खासतौर पर झाड़ू बनाकर—रोजी-रोटी जुटाते हैं, सर्द हवाओं की मार को और गहराई से महसूस करते हैं। सीमित साधनों के बीच जीवन चलाना उनके लिए किसी संघर्ष से कम नहीं होता। इन्हीं परिस्थितियों में आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट ने जन सहयोग की शक्ति को साथ लेकर टेकाड़ी पहुँचकर सेवा की गर्माहट का एक संवेदनशील अध्याय जोड़ दिया। समिति ने जरूरतमंद परिवारों, महिलाओं और बच्चों को निशुल्क कंबल और शॉल वितरित किए, ताकि सर्द हवाओं में उन्हें राहत और सुरक्षा मिल सके। गर्म वस्त्र हाथों में लेते ही उनके चेहरों पर जो शांत, संतोषपूर्ण मुस्कान उभरी—वह मानवीय करुणा की सच्ची जीत थी। इसके साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुएनिशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए,और मासिक धर्म से जुड़ी आवश्यक, उपयोगी स्वास्थ्य जानकारी भी दी गई—ताकि जागरूकता का प्रकाश उन परिवारों तक भी पहुँचे,जो संसाधनों के अभाव में अक्सर पीछे छूट जाते हैं।समिति के पदाधिकारियों ने बताया किआदर्श दानपात्र सेवा समिति लगातार जिले के वनांचल, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में राहत, जागरूकता और मानवीय सहायता की मुहिम संचालित कर रही है।समिति का उद्देश्य सिर्फ वस्तुओं का वितरण नहीं,बल्कि उन परिवारों तक संवेदना और सम्मान पहुँचाना हैजो कठिन परिस्थितियों के बीच भी उम्मीद की लौ जलाए रखते हैं।आज मिले जन सहयोग ने यह सिद्ध कर दिया किजब समाज साथ खड़ा हो जाता है,तो ठंड जैसी कठोर परिस्थिति भी मानवीय गर्माहट के आगे फीकी पड़ जाती है।अंत में समिति ने सभी दानदाताओं — श्रीमती रेखा मेश्राम, पारमी बौद्ध, वर्षा बोरकर, कीर्ति गेडाम, रविसिंह मर्सकोले, आशीष कुमार बारमाटे, अनिल कुमार कोरे,तथा सहयोगकर्ताओं और संवेदनशील नागरिकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### किसान हर मोर्चे पर परेशान, सरकार सिर्फ वादो तक सिमित-विवेक पटेल

## 3100रू प्रति क्विंटल धान खरीदी और अतिवृष्टि से हुई फ़सल नुकसानी के लिए विधायक पटेल ने की राहत राशि की मांग

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी-मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस विधायकों ने किसानो की समस्याओ को लेकर भाजपा सरकार के खिलाप व्यापक और आक्रमक प्रदर्शन किया वही कांग्रेस विधायकों ने चिड़यि चुग गई खेत की सांकेतिक झाकियों के साथ मार्च निकाला जिसके माध्यम से उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया की सरकार की विफलताओं ने किसानो की मेहनत और फ़सल दोनों को चौपट क़र दिया हैं वही वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने विधानसभा सत्र में सभापति महोदय के समक्ष सरकार को जमकर घेरा और किसानो की मांग को पूरा करने का ध्यान दिलाया।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने सभापति महोदय के समक्ष कहा की हमारे प्रदेश के किसान अपनी साल भर की आजीविका अपनी बच्चों की शिक्षा और बेटियों की शादियों के लिए राशि की व्यवस्था करता है इस बेमौसम बारिश ने अतिवृष्टि से उनके सपनों पर पानी फेर दिया है हमारे जिले में सबसे अधिक धान का उत्पादन होता है शुरू से ही हमारे जिले का किसान परेशान था किसानों को खेती के समय खाद बीज नहीं मिल पाया और जैसे ही फसल आई उसमें कीट प्रकोप की बीमारी लग गई किसानों ने उनसे भी सामना किया मगर कुछ दिनों बाद फिर अतिवृष्टि हो गई मगर जिले के किसी भी किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला इसके पहले कई बार सोसायटी के माध्यम से किसानों का फसल बीमा कटता आया है मगर बीमा कंपनी ने आज तक सही मुआवजा नहीं दिया जब किसानों को बीमा का लाभ मिलता ही नहीं तो किसानों ने बीमा नहीं करवाया हमारे क्षेत्र के किसानों की खड़ी फसल नष्ट हो गई उसमें अंकुर आ गए मै चाहता हु कि जिसका बीमा हो या बीमा न हो सभी किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाए।



वही उन्होंने कहा की एक दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है भाजपा ने चुनाव के पूर्व किसानों से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही किसानों की धान को इ इकत्तीस सौ रुपए प्रति क्विंटल खरीदेंगे भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तीसरी बार खरीदी हो रही है सरकार ने किसानों से वोट तो ले लिया मगर जब इनका वादा निभाने की बारी आई तो आज किसानों की धान को इकत्तीस सौ रुपए प्रति क्विंटल नहीं खरीदा जा रहा है किसानों की धान 2390 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा है जो इकत्तीस सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीदा जाना चाहिए पिछली सरकार ने जो व्यवस्था बनाई थी वही भी सरकार ने समाप्त क़र दी हैं सोसायटी और मंडी के चुनाव सरकार ने करवाना बंद करवा दी हैं।